RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 98 • 20:04:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## सावधान ! इस बार गर्मी और ज्यादा ढाएगी कहर

### 125 जिलों में सूखे जैसी स्थिति मौसम विभाग ने चेताया


**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गर्मी का सितम जारी है। लू का प्रकोप भी शुरू हो चुका है। देश के ज्यादातर हिस्से इन दिनों सूखे जैसी स्थित का सामना कर रहे हैं। भारत मौसम विभाग विभाग ने 14 मार्च से 10 अप्रैल के बीच के आंकड़े जारी किए हैं। इसके मुताबिक, देश भर के करीब 125 जिले सूखे जैसे हालात से जूझ रहे हैं। साल 2023 की तुलना में देखें तो इस वक्त 33 जिले ही ऐसी स्थिति का सामना कर रहे थे जिसमें अबकी बार 279 फीसदी की बढ़ोतरी है। मार्च के शुरुआती दिनों की तुलना में इसमें 27 फीसदी का उछाल आया है। जिन 125 जिलों का ऐसा हाल है वे 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में फैले हुए हैं। इसलिए इस



बार गर्मी के शुरुआती दिनों में ही सूखे की समस्या काफी व्यापक नजर आ रही है। आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उत्तराखंड और तमिलनाडु सबसे ज्यादा सूखे की चपेट में दिख रहे हैं। इन राज्यों के कई जिले ड्राई से लेकर एक्सट्रीम ड्राई कंडीशन का सामना कर रहे हैं। सीनियर आईएमडी साइंटिस्ट राजीव चट्टोपाध्याय ने बताया, इन जिलों को ड्राइ कैटेगरी में रखा गया है जिनका वैल्यू -1 से कम है। मालूम हो कि इसके जरिए पानी की मांग पर बढ़ते तापमान का असर मापा जाता है। जिन इलाकों का वैल्यू -1 से नीचे है वहां कम बारिश की वजह से सूखे की स्थिति बन सकती है। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा जैसे इलाकों के लिए अच्छी खबर है। यहां शनिवार, रविवार और सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर 30 से 40 किमी प्रति घंटे की गति से बिजली और तेज हवाओं के साथ आंधी आने का अनुमान है।

## पहले चरण में मतदाताओं का जोश रहा 'हाई'

● देश के 21 राज्यों की 102 सीटों पर बंपर वोटिंग ● मध्यप्रदेश में 65, राजस्थान में 50 फीसदी मतदान ● बंगाल में सबसे ज्यादा 77 फीसदी वोट डाले गए







**नई दिल्ली (एजेंसी)** लोकसभा के फर्स्ट फेज में 21 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग शाम 6 बजे खत्म हो गई। सीटों के हिसाब से यह सबसे बड़ा फेज है। सुबह पीएम मोदी ने सभी से वोट डालने की अपील की थी। उन्होंने हिंदी, तमिल, मराठी समेत 5 भाषाओं में ट्वीट किया था। वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, शाम 5 बजे तक सबसे ज्यादा वोटिंग बंगाल में 77.57 फीसदी हुई। सबसे कम वोटिंग बिहार में 46.32 फीसदी हुई। 21 राज्यों में वोटिंग का एवरेज 62.8 फीसदी है। वोटिंग के दौरान मणिपुर के बिष्णुपुर में फायरिंग, बंगाल के कूचबिहार में हिंसा और छत्तीसगढ़ के बीजापुर में ग्रेनेड ब्लास्ट हुआ है। ब्लास्ट में एक असिस्टेंट कमांडेंट और जवान घायल हैं। मणिपुर की दो लोकसभा सीटों (मणिपुर इनर और मणिपुर आउटर) पर भी इस फेज में वोटिंग है। हिंसा को देखते हुए आउटर सीट के कुछ हिस्सों में 26 अप्रैल को भी वोटिंग होगी। 2019 में इन 102 लोकसभा सीटों पर भाजपा ने 40, डीएमके ने 24, कांग्रेस ने 15 सीटें जीती थीं। अन्य को 23 सीटें मिली थीं। इस फेज में अधिकतर सीटों पर मुकाबला इन्हीं 3 दलों के बीच है। फर्स्ट फेज में 1,625 कैंडीडेट्स चुनाव लड़ रहे हैं। इनमें 1,491 पुरुष, 134 महिला कैंडीडेट हैं। 8 केंद्रीय मंत्री, एक पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी इस बार चुनाव मैदान में हैं। इस फेज के बाद 26 अप्रैल को दूसरे फेज की वोटिंग होगी। कुल 7 फेज में 543 सीटों पर 1 जून को मतदान खत्म होगा। सभी सीटों के रिजल्ट 4 जून को आएंगे। वोटिंग शुरू होने के बाद पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा से लेकर मेघालय में शाम 5 बजे तक बंपर वोटिंग देखने को मिली। वहीं, यूपी-बिहार और मध्यप्रदेश में भी वोटरों में जोश देखने को मिला। पहले चरण में पश्चिम बंगाल की 4, यूपी की 8 और बिहार में 4 सीटों पर वोट डाले जा गए हैं। इसके अलावा तमिलनाडु 39 और उत्तराखंड 5 सीटों पर वोटिंग हो रही है।

## इंडी गठबंधन वाले भगवान राम की पूजा को पाखंड बताते हैं

### दमोह में पीएम ने कहा-आतंक का सप्लायर पड़ोसी आटे को तरस रहा

दमोह (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा- हमारा एक पड़ोसी जो आतंक का सप्लायर था वो अब आटे की सप्लाई के लिए तरस रहा है। ऐसे हालातों में हमारा भारत दुनिया में सबसे तेजी से विकसित हो रहा है। पीएम मोदी शुक्रवार दोपहर में दमोह में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी अलायंस पर जमकर निशाना साधा।



उन्होंने कहा कि ये लोग सनातन को डेंगू-मलेरिया कहते हैं। भगवान राम की पूजा को पाखंड बताते हैं। पीएम मोदी ने कहा- परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है। वे कहते हैं कि तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो देश में आग लग जाएगी। इंडी गठबंधन के लोग मोदी को आए दिन धमकियां दे रहे हैं।

● भाजपा सरकार न दबती है, न किसी के सामने झुकती है

कोविड का इतना बड़ा संकट आया। मजबूत भाजपा सरकार पूरी दुनिया से हर भारतीय को सुरक्षित भारत ले आई। करोड़ों परिवारों को मुफ्त राशन की सुविधा दी। भाजपा सरकार ने करोड़ों भारतीयों को मुफ्त वैक्सीन लगाई। आज देश में वो भाजपा सरकार है जो न किसी से दबती है, न किसी के सामने झुकती है। मोदी बोले- ओरछा में हमारे भगवान राम राजा के रूप में विराजित हैं। बुंदेलखंड की धरती देख रही कैसे कांग्रेस और इंडी गठबंधन वाले कहते हैं, हमारा सनातन डेंगू-मलेरिया है। अध्योध्या में राम मंदिर बना है, उसके भी ये विरोधी हैं। राम की पूजा को पाखंड बताते हैं। ये सब वोट की राजनीति के लिए करते हैं। परिवारवादी और भ्रष्टाचारी नेताओं को मोदी की गारंटी बेचैन कर रही है।

## दो सीएम जेल में हैं, लेकिन पिनाराई विजयन क्यों नहीं !

### इंडिया गठबंधन सहयोगी पर ही बरसे कांग्रेस नेता राहुल गांधी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव प्रचार के बीच राहुल गांधी ने गुरुवार को अपने विपक्षी गठबंधन के सहयोगी पिनाराई विजयन पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी ने पूछा कि



केंद्र में सत्तारूढ़ दल मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर हमला क्यों नहीं कर रहा है राहुल गांधी ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अब तक केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से पूछताछ क्यों नहीं की, जबकि केंद्रीय एजेंसियां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला करने वाले सभी नेताओं से पूछताछ कर रही हैं। बता दें कि केरल में कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों एक-दूसरे पर भाजपा के साथ समझौता करने का आरोप लगा रहे हैं। कन्नूर में एक चुनाव अभियान को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा, दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कैसे नहीं हो रहा। मैं चौबीसों घंटे भाजपा पर हमला कर रहा हूं और केरल के मुख्यमंत्री चौबीसों घंटे मुझ पर हमला कर रहे हैं। यह थोड़ा हैरान करने वाला है। राहुल गांधी का इशारा झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत और दिल्ली सीएम केजरीवाल की ओर था। दोनों नेता इस समय जेल में बंद हैं। राहुल गांधी ने आगे कहा, वह (विजयन) कहते हैं कि वह वैचारिक रूप से भाजपा से लड़ रहे हैं,लेकिन मैं जानता हूं कि आप हम पर हमला करते हैं।

## अमित शाह ने गांधीनगर से दाखिल किया नामांकन

### कहा-इस बार का चुनाव बेहद अहम,मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं

**गांधीनगर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर में भाजपा प्रत्याशी के तौर पर नामांकन पर्चा दाखिल किया। यहां 7 मई को वोटिंग होनी है। अमित शाह दूसरी बार गांधीनगर से चुनाव लड़ रहे हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि गांधीनगर की जनता का मुझे हमेशा से सहयोग मिला है। क्षेत्र में विकास के सभी काम हुए हैं। इस बार का चुनाव बेहद अहम है। मोदी तीसरी बार पीएम बनने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज मैंने गांधीनगर सीट से अपना नॉमिनेशन भरा है। यह मेरे लिए गर्व की बात है कि जिस सीट से लालकृष्ण अडवानी, अटलजी ने प्रतिनिधित्व किया है और खुद नरेंद्र मोदी जी यहां से मतदाता हैं। उस सीट से प्रतिनिधत्व करने का मौका मिला है। 30 साल से मैं गांधीनगर से विधायक और सांसद बना, जनता के लिए ढेरों काम किए। यहां के लोग मुझे अपना ढेर सारा प्यार देते हैं। मैं एक छोटे से बूथ कार्यकर्ता से संसद तक पहुंचा हूं। आज नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख है। कल कुछ सीटों पर बीजेपी-कांग्रेस के उम्मीदवारों ने पर्चा भरा था।



## चारधाम यात्रा में पहली बार ले जा सकेंगे चार्टर्ड हेलीकॉप्टर, बना प्लान

### किराया 1.95 लाख; 4 दिन में 14 लाख रजिस्ट्रेशन, टूटेगा पिछला रिकॉर्ड

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड में 10 मई से शुरू होने जा रही चारधाम यात्रा का उत्साह इस बार काफी ज्यादा है। बीते 4 दिन में 14 लाख से ज्यादा लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। पिछली बार चार महीने में 55 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। इस बार यह रिकॉर्ड टूट सकता है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के सीएमडी सी. रविशंकर के मुताबिक पहली बार चारधाम के लिए चार्टर्ड हेलीकॉप्टर सेवा शुरू हो रही है। इसमें 4 लोग एक धाम की यात्रा साढ़े तीन लाख रु. में कर सकते हैं। यदि चारों धाम के लिए चार्टर्ड हेलीकॉप्टर लेते हैं तो प्रति व्यक्ति 1.95 लाख देने होंगे। किराए में आना-जाना, रुकना, खाना शामिल है। हेलीकॉप्टर भी वहीं रहेगा। एक ही दिन में वापसी का रेट 1.05 लाख रु. रहेगा।




सामान्य हेलीकॉप्टर सेवा का किराया 5 फीसदी बढ़ा है। गौरीकुंड से 18 किमी पहले फाटा से केदारनाथ जाते हैं तो एक तरफ का प्रति व्यक्ति किराया 2,886 रु. होगा। पिछली बार ये 2,749 रु. था। गुप्तकाशी से 4,063 रु. रहेगा, जो 3,870 रु. था। पहले हेलीकॉप्टर सर्विस की बुकिंग 15 दिन के स्लॉट में होती थी। इस बार एक माह का स्लॉट रहेगा। 10 मई से 20 जून और 15 सितंबर से 31 अक्टूबर तक और बुकिंग की हेलीयात्रा वेबसाइट से 20 अप्रैल से होगी।

## चीन के पड़ोसी को भा गई थी अपनी ब्रह्मोस मिसाइल

● भारत ने पहुंचाई पहली खेप, 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की सैन्य शक्तियों से प्रभावित होकर फिलीपींस ने ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल खरीदने की इच्छा जताई थी। अब भारत की तरफ से ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप फिलीपींस को सौंप दी गई है। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, दक्षिण पूर्व एशियाई देश फिलीपींस के साथ इस हथियार प्रणाली की आपूर्ति के लिए 37.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर का करार होने के दो साल के बाद आपूर्ति होने जा रही है। एजेंसी द्वारा ट्वीट की गई तस्वीरों की मानें तो भारतीय




वायुसेना के एक सैन्य परिवहन विमान को मिसाइल और लांचरों को लेकर फिलीपीन की नौसेना को सौंपने के लिए रवाना किया गया है। भारत ने जनवरी 2022 में मिसाइल की तीन बैटरी की आपूर्ति के लिए फिलीपीन के साथ करार किया था। फिलीपींस पहला देश है जिसे भारत अत्याधुनिक ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति की है। यह डील जनवरी 2022 में हुई थी। इस डील के साथ भारत ने रक्षा क्षेत्र में खुद को एक बड़े निर्यातक के तौर पर पेश किया है। यह भारत और रूस द्वारा विकसित ब्रह्मोस मिसाइल का पहला निर्यात ऑर्डर है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मोस मिसाइलें भले ही शुक्रवार को फिलीपींस पहुंच जाएगी, लेकिन इसका पूरा सिस्टम अगले सप्ताह तक ऐक्टिव हो सकता है।

## ऑफर ठुकराया तो कांग्रेस नेता की बेटी की कर दी हत्या

### नेहा का फयाज ने किया कत्ल, कॉलेज के अंदर चाकू से गोदा

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कर्नाटक के हुबली में कांग्रेस नेता निरंजन हीरेमठ की बेटी नेहा की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। निरंजन हीरेमठ हुबली धारवाड़ म्युनिसिपल कॉरपोरेशन में पार्षद हैं। नेहा की उस कॉलेज में ही हत्या कर दी गई, जहां वह पढ़ाई करती थी। उसका कत्ल फयाज नाम के युवक ने किया, जो उसका क्लासमेट भी है। पुलिस के अनुसार फयाज ने चाकू से कई वार नेहा पर किए और मौके से भाग गया। नेहा की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। इस पूरी घटना की सीसीटीवी फुटेज भी मिल गई है, जिसकी पुलिस ने जांच की है। फिलहाल पुलिस ने फयाज को गिरफ्तार कर लिया है। अब तक मिली जानकारी के अनुसार फयाज ने नेहा को प्रपोज किया था, जिसे उसने ठुकरा दिया था। इसी के चलते उसने इस हत्याकांड को अंजाम दिया।



## हिमाचल के गांव में पहली बार पहुंचा मोबाइल नेटवर्क

### मोदी ने 13 मिनट बात की, बोले-पहले की सरकारें बॉर्डर के करीबी गांवों को आखिरी गांव मानती थीं

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश के स्पीति का गिउ गांव हाल ही में पहली बार मोबाइल नेटवर्क से जुड़ गया, इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को उन्हें बधाई देते हुए उनसे फोन पर बात की। उनके साथ हुई करीब 13 मिनट की टेलीफोनिक बातचीत में मोदी ने दीपावली के दौरान इस क्षेत्र की अपनी यात्रा को याद किया और कहा कि गांव को मोबाइल नेटवर्क से जोड़ने से डिजिटल इंडिया अभियान को गति मिलेगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पहले की सरकारें बॉर्डर के करीबी गांवों को आखिरी गांव मानती थी। उन्होंने कहा, आज का दिन डिजिटल इंडिया अभियान को और गति देने वाला है। आज लाहौल स्पिति के एक दूर सुदूर गांव गिउ में पहली बार मोबाइल का नेटवर्क पहुंचा है। इस गांव की भौगोलिक परिस्थितियां इतनी कठिन रही है कि मोबाइल नेटवर्क पहुंचना बहुत बड़ी चुनौती था। लेकिन जब मुझे पता चला और जब मैं आपके यहां आया था, तब भी दबी जबान में लोग बता रहे थे तो मैं खुद हैरान था। लोगों को पता था कि मोबाइल फोन क्या होते हैं, लेकिन वो कनेक्टिविटी नहीं थी, तब मुझे लगा कि मैं इसके लिए जरूर कोशिश करूंगा।



### मोदी बोले-पहले बॉर्डर के गांवों को आखिरी गांव माना जाता था

ग्रामीणों से बातचीत के दौरान मोदी ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देने के लिए सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों ने इन क्षेत्रों को उनके भाग्य पर छोड़ दिया था। पीएम मोदी ने कहा- आप तो जानते ही हैं पहले की सरकारें बॉर्डर किनारे के गांवों को आखिरी गांव मानती थी, लेकिन हमारी सरकार उन्हें पहला गांव मानकर काम कर रही है। इसलिए हम बॉर्डर के किनारे बसे गांवों के विकास पर इतना जोर दे रहे हैं। पहले की सरकारों ने बॉर्डर इलाके के गांवों को उनके नसीब पर छोड़ दिया था। अब हमारी सरकार वाइब्रेंट विलेज योजना चला रही है ताकि देश के बॉर्डर किनारे बसे गांवों में भी विकास हो। और आपके यहां जो ये नेटवर्क आया है, उसका सबसे बड़ा फायदा टूरिज्म में होने वाला है। बातचीत में आगे पीएम ने बताया, मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमारी सरकार की प्राथमिकता ईज ऑफ लिविंग (जीवन में सुगमता) है। और अब तीसरे कार्यकाल में हमारी सरकार क्वालिटी ऑफ लाइफ (जीवन की गुणवत्ता) पर बहुत ज्यादा जोर देगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 11वीं में निजी स्कूलों में प्री-बोर्ड रिजल्ट पर मिलेगा दाखिला, प्रोविजनल नामांकन के लिए कल एंट्रेंस एग्जाम

**पटना।** पटना के निजी स्कूलों में 11वीं में नामांकन की प्रक्रिया काफी तेज़ी से चल रही है। हालांकि, अभी तक CBSE और ICSE के 10वीं बोर्ड रिजल्ट नहीं आए हैं। फिर भी कई स्कूलों में नामांकन के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। दरअसल, निजी स्कूलों में सिर्फ 11वीं कक्षा के लिए में प्रोविजनल नामांकन लिए जा रहे हैं। स्कूलों की ओर से अभी प्री-बोर्ड रिजल्ट और एंट्रेंस एग्जाम में मिले अंक के आधार पर नामांकन लिया जाएगा। दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीएवी) ने जहां 18 अप्रैल तक ही नामांकन लिया, तो वहीं सेंट माइकल, लोयेला हाईस्कूल में अभी भी नामांकन लिए जा रहे हैं। प्रोविजनल नामांकन रिटेन टेस्ट के आधार पर होगा। डीएवी में कल एंट्रेंस एग्जाम लिए जाएंगे। यह एग्जाम दो घंटे का होगा और छात्रों का रिपोर्टिंग टाइम सुबह 9:30 बजे है। हर स्ट्रीम का पेपर 100 अंक का होगा। अब तक 11वीं में प्रोविजनल नामांकन का मौका सिर्फ अपने स्कूल में ही मिलता था, लेकिन पहली बार कई स्कूलों ने दूसरे स्कूल के छात्रों को भी आवेदन करने का मौका दिया है। इससे अन्य स्कूल के छात्रों को अपनी पसंद के स्कूल में नामांकन मिल पाएगा। खासकर बिहार बोर्ड के छात्रों के लिए यह सुनहरा मौका है, क्योंकि बिहार बोर्ड का दसवीं रिजल्ट जारी हो चुका है। ऐसे में बिहार बोर्ड के छात्रों को अपनी पसंद के स्कूल में दाखिला का मौका मिल पाएगा।



### पटना में ट्रक पर दिखा हवाई जहाज, टर्निंग के लिए दीदारगंज टोल प्लाजा पहुंचा, कई गाड़ियां जाम में फंसी

**पटना।** पटना में नेशनल हाईवे पर गुरुवार की देर शाम एक एयर इंडिया का हवाई जहाज सड़क पर देख लोग अचंभित हो गए। पटना के NH 30 नेशनल हाइवे दीदारगंज टोल प्लाजा के पास एक एयर इंडिया का विमान एक ट्रक पर लोड था। ट्रक पर हवाई जहाज का स्क्रैप लोड था। एयर इंडिया की यह फ्लाइट काफी लंबी थी। फ्लाइट लंबी और अपेक्षाकृत सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण सड़क पर घूमने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।इसके कारण नेशनल हाईवे पर जाम लग गया। जाट गोल्डन ट्रांसपोर्ट अजमेर की ट्रक पर एयर इंडिया का स्क्रैप जहाज लोड था। पटना के दीदारगंज टोल प्लाजा के पास सड़क चौरी होने के कारण ट्रक को घुमाने की कोशिश करने लगे। इसके कारण यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। कई गाड़ियां टोल प्लाजा दीदारगंज के पास जाम में फंस गई। दीदारगंज टोल प्लाजा के कई कर्मचारियों को सड़क जाम में फंसे ट्रक पर लोड एयर इंडिया के हवाई जहाज का स्क्रैप सड़क से हटाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बताया जा रहा है कि टोल प्लाजा के कर्मचारियों की कोशिश के बाद ट्रक पर लोड स्क्रैप हवाई जहाज को दीदारगंज नेशनल हाइवे के रास्ते बख्तियारपुर की ओर रवाना किया गया।



### मिनी गैरेज में लगी आग, 10 लाख का नुकसान, पटाखे की वजह से आग लगने की आशंका



**पटना।** बिहटा थाना से महज कुछ ही दूरी पर रामनगर गांव के पास देर रात एक मिनी गैराज में अचानक आग लग गई।आग की लपटें इतनी तेज थी की देखते देखते गैराज में लगी आधा दर्जन कारें इसकी चपेट में आ गईं। आसपास के ग्रामीण और गैराज मालिक आग को बुझाने का बहुत प्रयास किया और फिर स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पर पुलिस और फायर ब्रिगेड के कर्मी रमन कुमार,सुनील कुमार समेत अन्य लोगों कड़ी मेहनत के बाद आग पर करीब दो घंटे के बाद छोटी और बड़ी दमकल की गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक करीब 10 लाख रुपए से अधिक की संपत्ति जलकर खाक हो गया। गुरुवार देर रात करीब दो बजे अचानक सूचना मिली की गैराज में आग लग गई है। सूचना पर पीड़ित व्यक्ति गैराज धू धूकर जल रहा था। विजय कुमार ने बताया की दुकान के पास में ही एक मैरेज हॉल है। उसी में बरात आई हुई थी।बराता में पटाखा फोड़ने से उसकी चिंगारी उड़कर गैराज में लगी कारों पर गिर गई। जिससे आग लगी। थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने बताया कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है। फिलहाल सभी मामलों पर जांच की जा रही है।

### BPSC ने जारी किया एग्जाम कैलेंडर

**पटना।** बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन (BPSC) की ओर से वार्षिक परीक्षा कैलेंडर 2024 जारी कर दिया गया है। जारी कैलेंडर के अनुसार, शिक्षक भर्ती परीक्षा TRE 3.O जो पेपर लीक के कारण रद्द की गई थी। इस परीक्षा का आयोजन 10 से 12 जून के बीच किया जाएगा। वहीं 40 हजार से अधिक पदों के लिए निकली प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक भर्ती परीक्षा का आयोजन जून में किया जाएगा। 13 जून को प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापक की परीक्षा 14 जून को होगी। इसके अलावा 69 CCE परीक्षा का इंटरव्यू 17 से 28 अगस्त और रिजल्ट 31 अगस्त को जारी होने की संभावना है। 70th CCE प्री एग्जाम 30 सितंबर को आयोजित होगी।



### प्राइवेट और सरकारी स्कूलों का बदला समय, पटना में 20 अप्रैल से क्लास 10वीं तक के सभी स्कूल 11.30 तक ही खुलेंगे

**पटना।** पटना समेत पूरे बिहार में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। गुरुवार को पटना का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। लगातार चढ़ते पारे और लू को देखते हुए पटना में स्कूलों की टाइमिंग को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। पटना में अब सभी निजी और सरकारी स्कूल सुबह 11:30 तक ही संचालित होंगे। डीएम शीर्षत कपिल अशोक के इसको लेकर लेटर जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अभी के समय में भीषण गर्मी और लू की स्थिति है। इसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। धारा-144 के तहत पटना जिला के सभी निजी और सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिये शैक्षणिक गतिविधियों पर दोपहर 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिबंध लगाता हूं। यह आदेश कल 20 अप्रैल से लागू होगा और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।



# मां को गाली देने वालों पर तत्काल कार्रवाई करें

## चिराग का तेजस्वी को लेटर, मीसा बोलीं-मेरे पिता-बहन पर सम्राट के बयान पर क्यों चुप थे

एजेंसी, पटना।

जमुई में तेजस्वी यादव की सभा के दौरान चिराग पासवान की मां को अपशब्द कहने का मामला चुनाव आयोग तक पहुंच गया है। वहीं, इस मामले पर सांसद चिराग पासवान ने तेजस्वी यादव को लेटर लिखा है। उन्होंने पत्र में मां को गाली देने वाले समर्थक या कार्यकर्ता पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने लिखा है कि तेजस्वी जी मैंने हमेशा राबड़ी देवी जी को मां और मीसा को बहन माना, लेकिन वो शायद सिर्फ मेरी ओर से ही था। इधर, लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने इस घटना को दुखद बताया। उन्होंने चिराग पासवान से पूछा है कि मेरे पिता और बहन के बारे में सम्राट चौधरी जब बोल रहे थे, उस वक्त वे चुप क्यों थे। पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत करते के दौरान चिराग पासवान ने कहा कि यह मेरे लिए सेंसिटिव मैटर है। मेरे परिवार के लोगों के लिए गाली दी जा रही है। यह किसी इंसान के लिए गलत है। मर्यादित शब्दों में रहकर आप विरोध दर्ज कर सकते हैं। शब्दों की मर्यादा को राजनीति में रखना जरूरी है। खास करके यह जिम्मेदारी हम जैसे युवाओं पर और बढ़ जाती है, जिनको बड़ी आबादी अपना आदर्श मानती है। आचरण बहुत मायने रखता है।



**कार्रवाई की जगह बचाने की कोशिशः** तेजस्वी यादव कहते हैं कि छोटी बातों को तूल नहीं देना चाहिए। ऐसी बातों से मुझे लगता है कि हर बेटे और बेटी का खून खोलेगा। अगर किसी की भी मां को इस तरह से गाली दी जाए। किसी के भी साथ यह घटना होगी। हर किसी का खून खोलेगा। चिराग ने यह भी कहा कि मैं बहुत संयमित तरीके से अपनी बातों को रख रहा हूं। इन बातों पर कार्रवाई की जगह पर आरोपी को बचाया जा रहा है। यह आपकी मानसिकता को दर्शाता है। वहीं, जंगलराज का याद आने लग गया है। नब्बे के दशक में हमारे प्रदेश से बड़े स्तर पर पलायन हुआ था। अगर वह जंगल राज की परछाई नहीं तो क्या है। तेजस्वी यादव के सामने चिराग पासवान के परिवार को गाली दी जाती है। लेकिन, वो कुछ नहीं बोलते हैं। सोचिए उस व्यक्ति की हिम्मत कितनी बढ़ेगी। गांव में जाएगा, देहात में जाएगा। वहां कहेगा कि चिराग पासवान की मां के बारे में बोलने से कुछ नहीं हुआ।

#### ओवरलोड के खिलाफ कार्रवाई के बाद जगा ऑटो संघ

### असामाजिक तत्वों पर प्रति ऑटो 100 रुपए वसूली का लगाया आरोप

एजेंसी, पटना।

ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर फेडरेशन के महासचिव राजकुमार झा और पटना जिला ऑटो रिक्शा चालक संघ के अध्यक्ष पप्पू यादव ने ऑटो चालकों से ओवरलोड नहीं करने की अपील की है। संयुक्त तौर से कहा गया है कि चालक क्षमता से अधिक पैसेंजर बिठा रहे हैं। वो दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। आप यात्रियों के साथ साथ खुद को भी खतरे में डाल रहे हैं। जिंदगी अनमोल है, कृपया इससे खिलवाड़ नहीं करें।

**जारी है ओवरलोड के खिलाफ कार्रवाईः** परिवहन विभाग और पटना ट्रैफिक पुलिस की ओर से संयुक्त तौर पर ओवरलोड गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। इसके साथ साथ पुलिस अब ऑटो चला रहे चालकों की ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच पड़ताल कर रही है।

**ऑटो संघ का प्रशासन पर आरोपः** ऑटो संघ का आरोप है कि ऑटो वालों से अवैध वसूली की जाती है। जिसके चलते ऑटो चालक इसे मेंटेन करने के लिए ओवरलोड करते हैं। एक ऑटो चालक को दानापुर या पाटलिपुत्र स्टेशन से बैरिया बस स्टैंड जाने में लगभग 100 रुपया अवैध रूप से असामाजिक तत्वों को देना पड़ता है। संगठन की ओर से जिला प्रशासन को इसके बारे में कई बार सूचित किया गया परंतु कोई कारवाई नहीं हुई। संघ का यह भी आरोप है कि सड़क सुरक्षा से संबंधित जागरूकता अभियान के नाम पर सिर्फ अब खानापूर्ति की जा रही है। जिससे ड्राइवरों में जागरूकता नहीं है। जानकारी का अभाव है। जिसके चलते दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। अधिकारी सड़क सुरक्षा पर खर्च होने वाले बजट को खुद गटक जा रहे हैं।



## सीबीएसई आयोजित कर रहा AI फेस्टिवल, तीन कैटेगरी के तहत मिलेगी एंट्री

एजेंसी, पटना।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) छात्रों, शिक्षकों और शैक्षणिक संस्थानों के बीच एआई तत्परता, समावेशी तरीके से इनोवेशन और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'इंडिया AI इम्पैक्ट फेस्टिवल' शुरू कर रहा है। इस फेस्टिवल का थीम 'एक उद्देश्य के साथ AI' (AI With A Purpose) है। इसके लिए छात्र और शिक्षक 10 मई 2024 तक आवेदन कर सकते हैं।

**तीन कैटेगरी के तहत मिलेगी एंट्रीः** तीन कैटेगरी के तहत छात्र, शिक्षक और शैक्षणिक संस्थान इसमें एंट्री कर सकते हैं। पहला कैटेगरी इम्पैक्ट क्रिएटर का है, जिसमें 11 से 18 वर्ष की आयु के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। इसके सब- कैटेगरी में क्लास 6 से 8 के स्टूडेंट्स, क्लास 9 से 12 के स्टूडेंट्स शामिल होंगे। इसके अलावा 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा भी इम्पैक्ट क्रिएटर श्रेणी में भाग ले सकते हैं।



**10 मई तक कर सकते हैं आवेदन**

**छात्र, शिक्षक और शैक्षणिक संस्थान का सकता आवेदनः** दूसरा कैटेगरी इम्पैक्ट शेपर का है, जिसमें शैक्षणिक/तकनीकी संस्थानों के शिक्षक भाग ले सकते। इस श्रेणी में भारत भर के स्कूलों के शिक्षक, ATLप्रभारी और फैकल्टी शामिल हैं। सभी शिक्षकों का, चाहे वे कोई भी विषय पढ़ाते हों, इस श्रेणी में भाग ले सकते हैं। वहीं, तीसरा कैटेगरी इम्पैक्ट नर्चर का है, जिसमें शैक्षणिक/तकनीकी संस्थानों के लिए स्कूलों/संस्थानों के हेड को इस श्रेणी में अपने संस्थान की एआई यात्रा में भाग लेने और साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

## बिक्रम में आग ने बरपाया कहर, आंखों के सामने फसल जलती रही, बचाने की हिम्मत नहीं जुटा सके

एजेंसी, पटना।

तेज पछुआ हवा ने गुरुवार की दोपहर बिक्रम में जमकर तांडव मचाया। आग से करीब 800 बीघा में लगी गेहूं और रबी की फसल जलकर राख हो गई और किसान कुछ नहीं कर सके। इस अगलगी में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की फसल क्षति का अनुमान है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि 500 मीटर तक किसी को सटने नहीं दे रही थी। प्रखंड के मोरियावां, दतियाना, शिवगढ़, खोरैठा आदि गांवों में मातम की स्थिति है। बताया जाता है कि बिहटा के सिकंदरपुर गांव के बधार से गुरुवार की दोपहर समय आग की लपटें शुरू हुईं। तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैल गई कि उसे काबू पाना मुश्किल हो गया। तीन घंटे के अंदर आग की लपटें में मोरियावां, शिवगढ़ और दतियाना की लगभग 800 बीघा गेहूं और रबी की फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीण, प्रशासन और अग्निशमन की 11 दमकल की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की लपटों से दतियाना गांव के रुदल राम, झूलन राम, जोगिंद्र राम, विनय राम, भोला राम, राम लड्डू एवं राम पुकार के घरों में भी आग लग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसानों में मंटू शर्मा, मनोज मुखिया, सुभाष सिंह, कुंदन सिंह, अमलेश, अरविंद आनंद, जयजय, घनश्याम सिंह, उमेश, हरिनारायण, सुधीर, उदय सिंह, दिनेश, नागेंद्र माधव, मोहर, उपेंद्र, विमलेश, मिथलेश, अर्जुन, सिंह, तपेश्वर सिंह सुनील सिंह सहित सैकड़ों किसान शामिल हैं। प्रशासन की तरफ से किसानों की सूची बनाई जा रही है। वहीं भारतीय किसान संघ ने उचित मुआवजा की मांग की है। सबौर कृषि विश्वविद्यालय के रिसर्च डायरेक्टर डॉ एके सिंह का कहना है कि 800 बीघा मतलब लगभग 200 हेक्टेयर फसल की क्षति हुई। एक हेक्टेयर में औसतन 35 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होता है। अगर अधिकांश जमीन में गेहूं की बुआई हुई होगी, तो तो लगभग डेढ़ करोड़ के गेहूं नष्ट होने का अनुमान है। हालांकि कितने क्षेत्रफल में गेहूं और कितने में चने की बुआई हुई, यह सटिक आंकड़ा आने के बाद ही सही रूप से फसल के नुकसान का आकड़ा निकालना संभव है।



**रुदल की बेटी की शादी का सारा सामान जल गयाः** रुदल राम ने अपनी बेटी की शादी के लिए कपड़े और तिलक के सामान खरीदे थे। सारी चीजें जलकर राख हो गईं। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग करते हुए तीन घंटे तक सड़क जाम रखी। स्थानीय सांसद रामकृपाल यादव द्वारा डीएम को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। मौके पर पालीगंज के एसडीओ, डीएसपी, बीडीओ, सीओ आदि ने पहुंचकर पीड़ित किसानों को सांत्वना दी। उन्होंने उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया है।

## पटना नगर निगम के गार्बेज फ्री सिटी पर फिरा पानी, कचरा मुक्त जगहों पर कचरा फेंकने लगे लोग

### कूड़ा फेंकने वाले को सड़क शत्रु का मिलेगा टैग

एजेंसी, पटना।

शहर को साफ रखने के लिए पिछले साल ही पटना नगर निगम द्वारा 650 जगहों को कचरा मुक्त कराया गया था, लेकिन अब फिर से वहां गंदगी फैलने लगी है। इसका खुलासा हाल में नगर निगम द्वारा किए गए सर्वे से हुआ है। आसपास के लोग फिर से जीवीपी पॉइंट पर कचरा फेंकने लगे हैं और साथ ही होटल व अन्य संस्थानों द्वारा भी ऐसी जगहों पर कचरा फेंका जा रहा है।

**सड़क पर कचरा फेंकने वाले कहलाएंगे सड़क शत्रुः** इसे लेकर अब नगर निगम फिर से एक्शन मोड में आ गया है। शहर को गार्बेज फ्री सिटी बनाने के लिए निगम ने सख्ती से पेश आने का फैसला किया है। सड़क पर कचरा फेंकने वाले को सड़क शत्रु का टैग दिया जाएगा और उनसे जुर्माना भी वसूल किया जाएगा। जहां सीसीटीवी कैमरा लगा है वहां फुटेज देखकर ऐसे लोगों की पहचान की जाएगी। इसके अलावा दैनिक सफाई कर्मी भी गली- मोहल्लों में लोगों से खुले में कचरा फेंकनेवाले के बारे में जानकारी इकट्ठा करेंगे।




**हर दिन वार्डवार ली जाएगी रिपोर्टः** जिन स्थानों को कचरा मुक्त घोषित किया गया है वहां की साफ-सफाई की रोजना रिपोर्ट भी ली जाएगी। हर दिन अधिकारी वार्डवार निगम मुख्यालय को इसकी जानकारी देंगे। इस काम में पूर्व में गठित निगरानी समिति और संबंधित वार्ड पार्षद से भी सहयोग प्राप्त किया जाएगा। इसके साथ ही इस अभियान के दौरान एवं पश्चात् किसी भी मुक्त किए गये जीवीपी स्थल पर या किसी नए स्थल पर कचरा नजर आने पर संबंधित कर्मियों पर ज़िम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

## बिजली विभाग ने फ्यूज कॉल रोकने में दिखाई तेजी

एजेंसी, पटना।

बिजली विभाग ने फ्यूज कॉल की समस्या से निपटने के लिए एसएमडीबी बॉक्स को बदलने की कवायद को तेज कर दी है। विभाग के मुताबिक अबतक शहर में 2 हजार बॉक्स को बदला जा चुका है। ताकि फ्यूज कॉल जैसी समस्या उपभोक्ताओं को परेशानी ना हो। पेसू के जीएम श्री राम सिंह ने बताया कि एसएमडीबी बॉक्स के अंदर तार ढीला होने की वजह से शॉर्ट सर्किट का खतरा बना रहता है। इसलिए उसकी मरम्मती के लिए कर्मियों को लगाया गया है। बॉक्स में कुछ ज्यादा खराबी है तो उसे चेंज किया जा रहा है। उपभोक्ता के सर्विस वायर को लेकर भी विभाग सख्ती दिखाने का दावा रही है। कई जगहों पर सर्विस वायर खराब होने के कारण शॉर्ट सर्किट की शिकायतें आती हैं। इसे देखते हुए उपभोक्ता को नोटिस जारी किया जा रहा है। ताकि समय रहते सर्विस वायर सही करा लें। वहीं बढ़ती गर्मी के कारण लोड सेडिंग की समस्या से कंज्यूमर को परेशानी ना हो इसको लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कर्मियों को भी इसके लिए लगाया गया है।




- **2000 से अधिक एसएमडीबी बॉक्स बदलने दावा, उपभोक्ताओं से भी की ये अपील**

## पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में सेलेक्शन ट्रायल आज से

एजेंसी, पटना।

खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (KISCE) के लिए बिहार के खिलाड़ियों का सेलेक्शन ट्रायल कल से पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित होने जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण (BSSA) द्वारा आयोजित इस सेलेक्शन ट्रायल के लिए UNIV ऐप इंस्टॉल कर रजिस्ट्रेशन करना होगा। BSSA के महानिदेशक रवीन्द्रण शंकरण ने बताया कि यह सेलेक्शन ट्रायल बालक और बालिका दोनों वर्ग के लिए तीन खेल में होंगे। इसमें एथलेक्टिस, कुश्ती और भारोत्तोलन शामिल है। इसमें 12 से 25 उम्र के खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। हर खेल के ट्रायल के बाद दो हफ्ते के लिए असेसमेंट कैंप भी रखा जाएगा। सेलेक्शन ट्रायल के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ट्रायल के पहले दिन सुबह 6:30 बजे से शुरू होगी। इस सेलेक्शन ट्रायल के माध्यम से बिहार के खिलाड़ियों को इक्विपमेंट्स के साथ इंटरनेशनल स्टैंडर्ड की ट्रेनिंग बिहार राज्य खेल प्राधिकरण की तरफ से कराई जाएगी। एथलेटिक्स के लिए ट्रायल 20 और 21 अप्रैल को एथलीट्स ट्रैक पाटलिपुत्र स्टेडियम में होंगे। इसके लिए हुसैन शेख और लियाकत अली से संपर्क करें। उनके मोबाइल नंबर क्रमशः 6289118060, 8757806786 हैं।




## छाता लेकर और सूती कपड़े पहनकर निकलें, सभी में लू का अलर्ट, 42 डिग्री तक पहुंचेगा पारा

एजेंसी, पटना।

बिहार के कई जिलों में लू का असर दिखने लगा है। गर्मी झुलसाने लगी है। विभाग की ओर से आज प्रदेश के 21 जिलों में लू चलने को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। वहीं आज से प्रदेश में लोकसभा चुनाव की शुरुआत हो रही है।

**42 डिग्री तक जा सकता है तापमानः** पहले चरण में गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा में मतदान होगा। मौसम विभाग ने आज 21 में लू जैसे हालात रहने के आसार हैं। राडार और उपग्रह से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार चारों लोकसभा क्षेत्र का अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। वहीं 20 किलोमीटर प्रति घंटे के रफ्तार से हवा भी चलेगी।

**छाते और सूती कपड़े का करें इस्तेमालः** विभाग की ओर से मतदाताओं को छाते का इस्तेमाल करने और सूती कपड़े पहनकर घरों से बाहर निकलने की अपील किया गया है। वही इसके साथ खीरा, ककड़ी, तरबूज आदि का अधिक से अधिक इस्तेमाल करने की भी सलाह दी गई है।



**इन जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारीः** मौसम विभाग ने आज 21 जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें गोपालगंज, सिवान, सारण, भभुआ, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नवादा, पटना, शेखपुरा, नालंदा, जमुई, लखीसराय, बेगूसराय, बांका मुंगेर खगड़िया और भागलपुर शामिल है।

**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमानः** गुरुवार को शेखपुरा जिला सबसे जायदा गर्म रहा। जहां का अधिकतम तापमान 41.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा औरंगाबाद 40.5 डिग्री, भोजपुर 40 डिग्री, जोरादई 41 डिग्री और खगड़िया का तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। वही पटना का अधिकतम तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# बिक्रम में आग ने बरपाया कहर, 800 बीघा में लगी गेहूं और रबी की फसल जलकर राख



पटना, **एजेंसी।** तेज पछुआ हवा ने गुरुवार की दोपहर बिक्रम में जमकर तांडव मचाया। आग से करीब 800 बीघा में लगी गेहूं और रबी की फसल जलकर राख हो गई और किसान कुछ नहीं कर सके। इस अगलगी में लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की फसल क्षति का अनुमान है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि 500 मीटर तक किसी को सटने नहीं दे रही थी। प्रखंड के मोरियावां, दतियाना, शिवगढ़, खोरैठा आदि गांवों में मातम की स्थिति है। बताया जाता है कि बिहटा के सिकंदरपुर गांव के बधार से गुरुवार की दोपहर समय आग की लपटें शुरू हुईं। तेज हवा के कारण आग इतनी तेजी से फैल गई कि उसे काबू पाना मुश्किल हो गया। तीन घंटे के अंदर आग की लपटें में मोरियावां, शिवगढ़ और दतियाना की लगभग 800 बीघा गेहूं और रबी की फसल जल कर राख हो गई। ग्रामीण, प्रशासन और अग्निशमन की 11 दमकल की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग की लपटों से दतियाना गांव के रुदल राम, झूलन राम, जोगिंद्र राम, विनय राम, भोला राम, राम लड्डू एवं राम पुकार के घरों में भी आग लग गई, जिससे भारी नुकसान हुआ है।

पीड़ित किसानों में मंटू शर्मा, मनोज मुखिया, सुभाष सिंह, कुंदन सिंह, अमलेश, अरविंद आनंद, जयजय, घनश्याम सिंह, उमेश, हरिनारायण, सुधीर, उदय सिंह, दिनेश, नागेंद्र माधव, मोहर, उपेंद्र, विमलेश, मिथलेश, अर्जुन, सिंह, तपेश्वर सिंह सुनील सिंह सहित सैकड़ों किसान शामिल हैं। प्रशासन की तरफ से किसानों की सूची बनाई जा रही है। वहीं भारतीय किसान संघ ने उचित मुआवजा की मांग की है। सबौर कृषि विश्वविद्यालय के रिसर्च डायरेक्टर डॉ एके सिंह का कहना है कि 800 बीघा मतलब लगभग 200 हेक्टेयर फसल की क्षति हुई। एक हेक्टेयर में औसतन 35 क्विंटल गेहूं का उत्पादन होता है। अगर अधिकांश जमीन में गेहूं की बुआई हुई होगी, तो तो लगभग डेढ़ करोड़ के गेहूं नष्ट होने का अनुमान है। हालांकि कितने क्षेत्रफल में गेहूं और कितने में चने की बुआई हुई, यह सटिक आंकड़ा आने के बाद ही सही रूप से फसल के नुकसान का आकड़ा निकालना संभव है।

### रुदल की बेटी की शादी का सारा सामान जल गया

रुदल राम ने अपनी बेटी की शादी के लिए कपड़े और तिलक के सामान खरीदे थे। सारी चीजें जलकर राख हो गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग करते हुए तीन घंटे तक सड़क जाम रखी। स्थानीय सांसद रामकृपाल यादव द्वारा डीएम को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। मौके पर पालीगंज के एसडीओ, डीएसपी, बीडीओ, सीओ आदि ने पहुंचकर पीड़ित किसानों को सांत्वना दी। उन्होंने उचित मुआवजा दिए जाने का आश्वासन दिया है। सड़क जाम के दौरान पहुंचे स्थानीय विधायक सिद्धार्थ सौरव, अतुल कुमार, तेजनारायण शर्मा ने भी किसानों को मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### किसान हत्याकांड में एक नामजद आरोपी गिरफ्तार

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** बाथ थाना क्षेत्र में 16 अप्रैल को किसान मुकेश कुमार सिंह निवासी दौलतपुर की गोली मारकर हत्या मामले में बाथ पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। विधि व्यवस्था डीएसपी चंद्रभूषण के निगरानी में छापामारी दल ने गिरफ्तारी की। बाथ थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार झा ने बताया कि मामले में मिरहट्टी नवटोलिया निवासी अशोक यादव के पुत्र रब्बु उर्फ रबुआ यादव को गिरफ्तार किया गया है। बचे बचे अन्य आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की जा रही है। जल्द ही घटना में शामिल बचे अपराधी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पिपरा मेला में कई नये रिश्ते तय

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** बाथ थाना क्षेत्र के करहरिया पंचायत स्थित पिपरा गांव में आयोजित चैती दुर्गा पूजा मेला के दशमी के दिन लड़का और लड़की के परिजनों ने बच्चों की शादी के लिए नए रिश्ते तय किये। जानकारों के अनुसार इस मेले में तीन जिले के चार प्रखंड के लोग मेला देखने आते हैं। इसी दौरान नये रिश्ते बनाये जाते है। कहते हैं असरगंज, शाहकुंड, सुलतानगंज व शंभूगंज प्रखंड के कई पंचायत के लोग इस मेला में नए रिश्ते बनाने पहुंचते हैं। अध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा सहित सभी सदस्य पूरी व्यवस्था की निगरानी में लगे हुए हैं।

### सरैया में आग लगने से 11 घर राख

**भागलपुर/सरैया, एजेंसी।** थाना क्षेत्र के बहिलवारा रुपनाथ गांव में बुधवार की देर रात आग से 11 घर जल कर राख हो गये। वहीं, 11 बकरियां भी झुलसकर मर गईं। सूचना पर पहुंची सरैया थाना व वैशाली जिले के बेलसर ओपी की फायरब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। तब तक रघुनाथ सहनी, शंभु सहनी, मुकेश सहनी, रमेश सहनी, विजय सहनी, मनटुन सहनी, कुशेशर सहनी, अजय सहनी, शिवनाथ सहनी, रामपति कुंवर व कुशमी देवी का घर जल गया। सीओ अंकित कुमार ने बताया कि अग्निपीड़ितों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। उधर, गुरुवार की दोपहर गिंजास परती टोला में कचरे के ढेर में आग लग गई। उसके बाद बांसवाड़ी को भी चपेट में ले लिया। सूचना पर जैतपुर थाना से पहुंची फायरब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।

### साइबर क्राइम : बीएलओ को फोन कर मांगी पिन

**मुजफ्फरपुर/बंदरा, एजेंसी।** निर्वाचन कार्य में तैनात बीएलओ को साइबर क्राइम गिरोह के सदस्यों ने फोन कर पिन मांगी है। बीएलओ संजय कुमार ने बताया गुरुवार को शाम में करीब पांच बजे एक नंबर से फोन आया। फोन करने वाला अपने को जिला निर्वाचन विभाग से बोलने की बात कह कर पिन मांग रहा था। इसके अलावा कई बीएलओ को इसी तरह से फोन कर पिन मांगी गई है। ट्रूकॉलर में सुमित कुमार नामक व्यक्ति के नाम से नंबर शो कर रहा है। प्रखंड निर्वाचन कोषांग के शाहिद रेजा ने सभी बीएलओ को किसी भी अन्य व्यक्ति से पिन, खाता, आधार शेयर नहीं करने की सलाह दी।

### 419 रुपये का लाइट रिटर्न करने में खाते से उड़ गए 1.13 लाख

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** ऑनलाइन शॉपिंग कंपनी से 419 रुपये की लाइट ली। लाइट खराब निकल गई तो इसे वापस करने के लिए शॉपिंग कंपनी के कस्टमर केयर का नंबर तलाश किया। इस तरह गूगल पर मिलते जुलते फिशिंग वेबसाइट के चक्कर में फंसाकर अतरदह आनंद मार्ग हनुमान मंदिर के समीप के विजय कुमार सिन्हा के खाते से साइबर शातिरों ने एक लाख 13 हजार 800 रुपए की फर्जी निकासी कर ली। साइबर फ्रॉड के शिकार हुए विजय कुमार सिन्हा ने इस संबंध में पहले नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की। इसके बाद सदर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।



## प्राइवेट और सरकारी स्कूलों का बदला समय

**पटना, एजेंसी।** पटना समेत पूरे बिहार में भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। गुरुवार को पटना का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब दर्ज किया गया। लगातार चढ़ते पारे और लू को देखते हुए पटना में स्कूलों की टाइमिंग को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। पटना में अब सभी निजी और सरकारी स्कूल सुबह 11:30 तक ही संचालित होंगे।

डीएम शीर्षत कपिल अशोक के इसको लेकर लेटर जारी कर दिया है। उन्होंने कहा है कि अभी के समय में भीषण गर्मी और लू की स्थिति है। इसके कारण बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। धारा-144 के तहत पटना जिला के सभी निजी और सरकारी स्कूल में 10वीं कक्षा तक सभी कक्षाओं के लिये शैक्षणिक गतिविधियों पर दोपहर 11.30 बजे से शाम 4 बजे तक प्रतिबंध लगाता हूं। यह आदेश कल 20 अप्रैल से लागू होगा और 30 अप्रैल तक प्रभावी रहेगा।

**21 जिलों में आज लू चलने को लेकर अलर्ट जारी :** मौसम विभाग ने आज 21 जिलों में लू को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। जिसमें गोपालगंज, सिवान, सारण, भभुआ, बक्सर, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नवादा, पटना, शेखपुरा, नालंदा, जमुई, लखीसराय, बेगूसराय, बांका मुंगेर खगड़िया और भागलपुर शामिल है।

## जुट कारोबारी के गोदाम में लगी भीषण आग: शॉर्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया में जुट कारोबारी के बोरा गोदाम में भीषण आग लग गई। इस भीषण अगलगी में लाखों के नुकसान की बात सामने आ रही है। अगलगी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने देखते ही दिखते विकराल रूप ले लिया। जिसके चलते गोदाम में रखा अधिकांश माल जलकर खाक हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही दमकल की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया। घटना सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग गुंडा चौक के समीप की है।

### कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

पीड़ित कारोबारी की पहचान मो. एखलाक के रूप में हुई है, जो सदर थाना क्षेत्र के गुलाबबाग गुंडा चौक निवासी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में पीड़ित कारोबारी ने बताया कि वे किसी जरूरी काम से गोदाम छोड़कर बाजार गए थे, कि तभी फोन कर स्टाफ ने आग लगने की सूचना दी। जिसके बाद वे दौड़े-भागे गोदाम पर पहुंचे। देखते ही देखते कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप ले लिया और कई कमरे



में रखे सामान को अपने जद में ले लिया। आग की लपटों को बुझाने की बहुत कोशिश की। मगर आग की लपटें बुझाने के बजाए और तेज हो उठी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड को कॉल कर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद कुछ ही मिनटों के भीतर फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस आगलगी में लाखों का नुकसान का अनुमान है। घटना की जानकारी देते हुए दमकलकर्मी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे दमकल की 2 गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच गए। घंटे भर की मशक्कत के बाद आग की तेज लपटों पर काबू पा लिया गया।

## प्रेम प्रसंग में डीजे संचालक की पीट-पीटकर हत्या, परिजनों का पुलिस पर पथराव

**मोकामा , एजेंसी।** मोकामा जिले के से घोसवरी गांव में गुरुवार को प्रेम प्रसंग में डीजे संचालक प्रशांत कुमार ( 24 ) की पीटकर हत्या कर दी गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर आरोपितों की गिरफ्तारी में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर बवाल काटा गया। गुरुवार शाम को मृतक के परिजनों ने सड़क जामकर उग्र प्रदर्शन किया। लोगों ने पुलिस पर पथराव भी किया। पथराव में साम्यागढ़ थाना प्रभारी अनोज पाठक, घोसवरी थाना के एसआई मनोज कुमार सिंह,सिपाही गौरव कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी जख्मी हो गए।

घोसवरी निवासी प्रशांत का गांव की एक लड़की के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। लड़की के प्रेम प्रसंग से उसके परिजन काफी नाराज थे। मंगलवार की रात को प्रशांत अपने दोस्त के साथ घर जा रहा था। इसी दौरान घात लगाए लड़की के परिवार वालों ने लाठी और रॉड से हमला कर दिया तथा उसकी बुरी तरह से पिटाई की। घोसवरी पीएचसी में इलाज के बाद प्रशांत को बेगूसराय ले जाया गया। गुरुवार को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। प्रशांत के मौत की खबर गांव में फैली तो लोग आक्रोशित हो गए। शव के साथ लोगों ने सड़क जाम कर दिया।

परिजन पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे थे। भीड़ देखते-देखते उग्र हो गई व अचानक से पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने समझाने का प्रयास किया गया लेकिन भीड़ में शामिल उपद्रवी तत्व परिजनों को उकसाकर पथराव करवाने लगे। पथराव में आम राहगीरों को भी चोटें आईं। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर भीड़ को तितर-बितर कर दिया। लगभग चार घंटे के बाद सड़क यातायात सामान्य कराया गया। परिजनों के बयान पर छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

## घोसवरी में बवाल:युवक को पीटकर मार डाला, पुलिस पर पथराव, गाड़ी जलाने का प्रयास



**मोकामा, एजेंसी।** घोसवरी में प्रेम प्रसंग में लोहे के रॉड से मारकर 24 वर्षीय युवक प्रशांत कुमार की हत्या कर दी गई। घटना घोसवरी थाने से सटे मोहल्ले की है। इस घटना में घायल एक अन्य युवक गौतम कुमार की हालत गंभीर बनी है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने गुरुवार की शाम थाना के सामने एनएच-82 पर जमकर हंगामा किया। शांत कराने गई पुलिस पर पत्थरबाजी भी की गई। ग्रामीणों की आड़ में असामाजिक तत्वों ने पुलिस वाहन में आग लगाने की कोशिश की। लेकिन, पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर किसी तरह एनएच से ग्रामीणों को हटाया। करीब तीन घंटे यातायात ठप रहा। इस घटना में छह पुलिसकर्मी को हल्की चोटें आई हैं।

मंगलवार की रात 10 बजे प्रशांत पर जानलेवा हमला कर दिया गया था। उसके सिर और पेट में गंभीर चोटें आई थीं। उसे बचाने के चक्कर में गौतम घायल हुआ था। घायल अवस्था में दोनों युवकों को बेगूसराय में निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। वहां उपचार के दौरान प्रशांत की मौत हो गई। प्रशांत का शव एनएच पर रखकर ग्रामीणों ने बवाल काटना शुरू कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजने का प्रयास किया तो ग्रामीण पत्थर चलाने लगे। इससे अफरातफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का आरोप था कि घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। आरोपियों को बचाने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस ने मोर्चा संभालकर थोड़ी मशाक्कत के बाद स्थिति को काबू में कर लिया। मामले को शांत कराने के लिए मोकामा, सम्यागढ़, हाथीदह थाने से पुलिस बल मंगाया गया।

### आरोपियों की गिरफ्तारी को टीम बनी

सिर को कूचा : पुलिस सूत्रों का कहना है कि प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या की गई है। गांव की ही एक युवती से उसका प्रसंग चल रहा था। लड़की के परिवार को यह नागवार गुजरा। घटना के वक्त प्रशांत दलान से घर जा रहा था। इस बीच सुनसान जगह पर छह लोगों ने घेर कर लोहे के रॉड से सिर कूच दिया। वहीं रॉड से पेट में भी वार किया गया। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। तब बदमाश भाग निकले। ग्रामीणों ने अविलंब घायल युवकों का उपचार शुरू कराया। लेकिन प्रशांत की जान नहीं बच सकी। वह डेकोरेशन का काम करता था। इस घटना के बाद आरोपी गांव छोड़कर फरार हो गए हैं। थाना प्रभारी साजिद अख्तर ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम बनाई गई है।

### भोजपुर में तिलक से लौट रहे 12 लोग गंभीर, स्पीड ब्रेकर की वजह से हादसा



## नहर में गिरी ट्रैक्टर ट्रॉली, जीजा-साले समेत 3 की मौत

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर में गुरुवार देर रात सड़क हादसे में जीजा-साले समेत 3 लोगों की मौत हो गई। 12 से ज्यादा लोग घायल हैं। चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में मुकुंदपुर छोटी नहर के पास तिलक से लौट रही ट्रैक्टर ट्रॉली नहर में पलट गई। इस ट्रैक्टर पर 20 से 25 मजदूर बैठे हुए थे। सभी मुकुंदपुर गांव के रहने वाले विनोद की बेटी फूला कुमारी के तिलक समारोह में गए थे। घायलों ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रॉली की स्पीड ज्यादा थी। स्पीड ब्रेकर पर चढ़ते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और नहर में पलट गया। हादसा चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास हुआ। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू कर सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भेजा गया है। घायलों को आरा सदर अस्पताल में कराया गया है।

**मरने वालों में 2 जीजा-साले भी :** मरने वालों में अगिआंव बाजार क्षेत्र के तिवारीडीह के खैरी गांव निवासी स्वर्गीय अघानु मुसहर का 60 साल का बेटा भदई मुसहर, अगिआंव बाजार के तिवारिडीह खैरी गांव के जगदीश मुसहर का 40 साल का बेटा निर्मल मुसहर और गड़हनी थाना क्षेत्र के नतमपुर गांव निवासी टेंगारी मुसहर का 40 साल का बेटा जगत मुसहर शामिल हैं। जगत मुसहर और निर्मल मुसहर आपस में जीजा-साले थे।घायलों में अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरी तिवारीडीह गांव निवासी जानू राम के बेटे भानु कुमार, रंगू मुसहर के बेटे कमल मुसहर,भदयी राम के बेटे हरेंद्र राम, बीरेंद्र मुसहर,चरपोखरी थाना क्षेत्र के नगरी गांव निवासी दुखन राम के बेटे मालिक राम समेत 12 से ज्यादा लोग शामिल हैं। घायल भानु कुमार ने बताया कि गुरुवार को अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के खैरी गांव से 20 से 25 लोग ट्रैक्टर पर बैठकर मृतक भदई मुसहर के बेटे विनोद कुमार की बेटी फूला कुमारी के तिलक समारोह में चरपोखरी गांव में गए थे। तिलक से लौटने के दौरान लगभग एक बज गए थे। तभी चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव के पास छोटी नहर के पास ब्रेकर आया। उसी ब्रेकर पर ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित होकर नहर में पलट गई। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद चरपोखरी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों शवों को कब्जे में करके आरा सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले आई। जहां सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना को लेकर चरपोखरी थाना प्रभारी ने बताया कि सभी लोग तिलक समारोह से लौट रहे थे।

## कबाड कारोबारी के दुकान व मकान पर आयकर का छापा

**मुजफ्फरपुर/सकरा, एजेंसी।** पटना आयकर की टीम ने सकरा के सरमस्तपुर के कबाड़ कारोबारी नरेश पोद्दार की दुकान और मकान पर गुरुवार को छापेमारी की। टीम सबसे पहले सरमस्तपुर चौक के समीप कबाड़ दुकान पर दिन के 11 बजे पहुंची। वहां कारोबारी से पूछताछ के अलावा दस्तावेजों की जांच की। वहां से कुछ नहीं मिलने पर वह यज्ञशाला के पास नवनिर्मित मकान पर पहुंची। कारोबारी के दोनों बेटों के बाहर होने से टीम को जानकारी जुटाने में कठिनाई हुई। मकान के सभी दरवाजों को बंद कर दिया गया था। किसी को भी बाहर जाने और भीतर आने की इजाजत नहीं थी। टीम के सदस्य मीडिया को कुछ भी बताने से परहेज करते रहे। सूत्र के मुताबिक टीम को जीएसटी में तीन लाख रुपये की अनियमितता से जुड़े कुछ पेपर मिले हैं। इसके अलावा बचत खाता का पासबुक और जमीन संबंधित पेपर भी मिले हैं। टीम देर रात तक जांच की। गौरतलब है कि केशोपुर बनिया टोला के नरेश अपने दोनों बेटे अजय व विजय संग कबाड़ की कई दुकानों का संचालन करते हैं। सकरा में ही उनकी तीन दुकानें हैं। इसके अलावा बिहार से बाहर भी कारोबार है। साथ ही इनके द्वारा हाल के दिनों में बड़े पैमाने पर जमीन में निवेश की सूचना टीम को मिली थी। संभवतः इसी जानकारी के आधार पर आयकर ने छापेमारी की है। सकरा थानाध्यक्ष राजू कुमार पाल ने बताया कि कबाड़ कारोबारी के घर और दुकान पर आयकर विभाग ने छापेमारी की है।

# जागो मतदाता जागो

चाण्क्य भूमि(कनकलता)



निष्पक्ष मतदान के लिए डीएम ने बीडीओ को दिया निर्देश

- मझौलिया में डीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण
- निष्पक्ष मतदान का डीएम ने दिलाया संकल्प

**बेतिया**।शुक्रवार को राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, माधोपुर, मझौलिया में मतदाता जागरूकता से संबंधित कई कार्यक्रम यथा- मतदाता जागरूकता रैली, मतदाता शपथ, आम जनता से संवाद आदि आयोजित किए गये। कार्यक्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय सहित जिलास्तरीय वरीय अधिकारी सम्मिलित हुए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रजातंत्र में मत की अत्यधिक आवश्यकता है। 25 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। हमलोग आप सभी को मतदान हेतु जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के मतों का अधिकार एक समान है। मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। गर्मी के मद्देनजर सभी मतदाता सुबह में ही अपने मत का प्रयोग करेंगे और अन्य मतदाताओं को भी मत देने के लिए जागरूक एवं प्रेरित करेंगे। उन्होंने कहा कि एक भी मतदाता मत देने से छूटना नहीं चाहिए। सभी मतदाता अपने-अपने मत का प्रयोग अनिवार्य रूप से करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका से कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदाता अपने मत का प्रयोग करें इसके लिए हरसंभव प्रयास करें। मतदाताओं को अच्छे तरीके से जागरूक एवं प्रेरित करें। उन्हें वोट के महत्व के बारे में समझायें। उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी ने कहा कि मतदान करना आवश्यक है। मतदाता सूची में नाम वाले सभी मतदाता अवश्य वोट दें। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा उपस्थित मतदाताओं को "हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे", का शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, श्रीमती प्रतिभा रानी, अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर, विनोद कुमार, वरीय उप समाहर्ता, विपिन कुमार यादव, नोडल पदाधिकारी, जिला स्वीप कोषांग, कमलाकांत त्रिवेदी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, मझौलिया, श्री वरूण केतन सहित अन्य अधिकारी एवं स्वीप कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सूबे के गन्ना मंत्री का मझौलिया में जनसंपर्क अभियान



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

- दलित बस्तियों में मतदान के महत्व पर डाला प्रकाश
- एससीएसटी के जिलाध्यक्ष रहे मौजूद

**बेतिया**।लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान ने मझौलिया पंचायत के दलित बस्तियों में जनसंपर्क करते हुए मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि एक एक वोट अमूल्य है।इसलिये अवश्य मतदान करें।उन्होंने मझौलिया प्रखण्ड के दलित बस्तियों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया।गन्ना मंत्री ने इस अवसर परआगामी 25 मई को पहले मतदान फिर जलपान करने का आह्वान किया। अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया सह एससी एसटी के जिलाध्यक्ष सत्यप्रकाश ने की।उन्होंने मंत्री समेत अन्य आगंतुकों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। गन्नामंत्री ने मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना , आयुष्मान स्वास्थ्य कार्ड, स्वच्छता मिशन के प्रतीक शौचालय योजना , आवास योजना , सड़क, बिजली , शुद्ध पेयजल , प्रधानमंत्री किसान निधि योजना , मुफ्त राशन योजना ,वृद्धा पेंशन, मातृत्व लाभ योजना आदि मोदी की जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जो आज भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की ओर अग्रसर कर रहे हैं।मौके पर अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल राम, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला मंत्री कृष्णा पासवान, पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ,रंजना देवी , रंभा देवी , कमल मुखिया , सुजीत पासवान, जितेंद्र तिवारी, रघुवर पासवान , राजन कुमार आदि शामिल रहे।

# संत जेवियर हायर सेकेंडरी स्कूल के खिलाफ शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन

चाणक्य भूमि बेतिया



- NSUI के अधिकारियों द्वारा शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन दिया गया कि विद्यालय प्रशासन द्वारा हिन्दू छात्रों को परेशान किया जाता है साथ ही किताबों को विद्यालय में ही उपलब्ध कराया जाता है जबकि प्राचार्य ने इसको गलत बताया, प्राचार्य का ऐसा कहना बिल्कुल गलत है किताबों को विद्यालय से दिया जाता है यह कटु सत्य है

NSUI के प्रदेश प्रभारी हरिअक्ष कमल ने बेतिया जिला शिक्षा पदाधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि संत जेवियर स्कूल में अभिभावकों का शोषण किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन निजी पुस्तक प्रकाशकों से साथ गांठ कर मोटा कमीशन लेकर स्कूल से ही बच्चों को पुस्तक उपलब्ध कराती है। NCERT की पुस्तकों की पढ़ाई करने की जगह निजी प्रकाशकों का पुस्तक पढ़ाई करने पर छात्रों को मजबूर किया जाता है। इतना ही नहीं हर साल री-एडमिशन के नाम पर स्कूल प्रबंधक अभिभावकों से मोटा रकम लेता है। री-एडमिशन का पैसा नहीं देने पर बच्चों का नाम काटकर निकाल देने की धमकी दी जाती है। स्कूल में गरीब छात्रों के लिए RTE का भी अनुपालन नहीं किया जाता है। इस शिकायत के बाद स्कूल के प्राचार्य फादर आर्मस्ट्रांग एडिशन से बात की गई तो उन्होंने कहा कि NSUI द्वारा लगाए गए आरोप बेबुनियाद है। अभिभावक कहीं से भी पुस्तक खरीदें सकते हैं। स्कूल प्रबंधक को इससे कोई आपत्ति नहीं। यहां धर्म के नाम पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होता। स्कूल में पढ़ने वाले 99 प्रतिशत छात्र हिंदू धर्म के है।

# बगहा एस.डी.एम के द्वारा वाहन मालिकों के साथ बैठक

चाणक्य भूमि संवाद सूत्र

अनुमंडल पदाधिकारी बगहा की अध्यक्षता में अनुमंडल सभागार बगहा में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में बगहा अनुमण्डल अन्तर्गत तीन विधान सभा के कुल 848 मतदान केन्द्र पर प्रयुक्त किए जाने वाले वाहनों के अधिग्रहण हेतु सबसे पहले बस के लिए बस मालिकों के साथ एक बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी प0 चम्पारण, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता बगहा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा एवं रामनगर, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अनुमण्डल बगहा, अंचल अधिकारी बगहा -1 एवं बगहा-2, प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी बगहा-1 एवं बगहा-2 एवं बस मालिको/संचालकों, निजी विद्यालयों के संचालकों की उपस्थिति रही। सभी बस मालिको एवं स्कूल के संचालकों से उनके बसों की संख्या , वाहन निबंधन संख्या एवं मोबाइल न0 फॉर्मेट में लिया गया, दिनाँक 21-05-2024 को SSB CAMP मंगलपुर औसानी में बस जमा करने का निर्देश दिया गया।

# नवजात बच्ची का शव नगर के सागर पोखरा के किनारे पुलिस ने किया बरामद

चाणक्य भूमि बेतिया

नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागर पोखरा के पास एक नवजात बच्ची का शव मिला है। इस नवजात का शव अज्ञात द्वारा सागर पोखरा के किनारे फेक दिया गया था । उक्त शव को वहां टहल रहे स्थानीय लोगो ने देखा तब इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना के आलोक में घटना स्थल पुलिस पहुंच नवजात बच्ची का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेजा गया। इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली इस प्रकार की तस्वीर का सामने आना कही न कही, बेटी बचाव बेटी पढ़ाओ के संदेश को दर किनार कर रहा है तो दूसरी तरफ महिलाओं का उत्पीड़न एवं नाजायज संबंधों को भी एक तरफ दर्शाता है जिसका खामियाजा ऐसी घटना का नजर आना होना होता है। बहरहाल मामला जो भी हो पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# अवैध निर्माण करने वाले कर्मी को तोहफा दिया राज प्रबंधक ने

चाणक्य भूमि बेतिया



- बेतिया राज प्रबंधक ने राजस्व पर्षद के अध्यक्ष के आलोक को नजरअंदाज कर भ्रस्टाचार के आरोपी पर कारवाई के बदले उसे तोहफा दिया आखिर क्यूँ है इस कर्मचारी से इतना लगाव यह जाँच का है विषय

**बेतिया** राज मैनेजर ने अपने निवास के बगल मे नियमों के विपरीत राज की भूमि पर दो मंजिला निर्माण करने वाले कर्मचारी को तोहफा देते हुए अतिक्रमण से संबंधित संचिकाओ का संधारण का प्रभार दे दिया है। ये बात तो वही हुई की लूटने वाले को ही मालिक बना दो। आखिर जिस कर्मचारी पर प्रबंधक को कारवाई करनी चाहिये थी उसे पदोन्नति का लाभ क्यूँ। जबकि इसी कर्मचारी को 2002 मे गलत ढंग से पदोन्नति दी गई थी । जिसे 2023 मे तत्कालीन राजस्व पर्षद के अध्यक्ष द्वारा गलत करार देते हुये गार्डन पीउन के पद पर ही रहने का आदेश दिया था । परंतु वर्तमान राज प्रबंधक के आते ही पहले इस कर्मी द्वारा गलत ढंग से. मैनेजर आवास के बगल में पक्के मकान का निर्माण किया गया । फिर राजस्व पर्षद के अध्यक्ष के आदेश को धत्ता बताते हुए उसे ऐसे ऐसे कार्यों का प्रभार दिया जो की ना तो उस कर्मी की योग्यता और ना ही पद के अनुरूप है इस कर्मी के प्रति राज प्रबंधक द्वारा जिस तरह का अपनापन दिखाया जा रहा है ,जो नियमों के विपरीत होने के साथ साथ कही ना कहीं इस ओर इशारा करता है की "जब सैया भए कोतवाल तो डर काहे का"

# एमडीएम पदाधिकारी को जांच में बिना सूचना गायब मिले शिक्षक

चाणक्य भूमि लौरिया

लौरिया प्रखंड क्षेत्र के लाकड़ सिसई पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिसई नुनिया टोला व राजकीय मध्य विद्यालय सिसई में एमडीएम प्रभारी रविरंजन कुमार द्वारा शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया गया। जहां जांच के क्रम में घोर अनियमितता पाई गई है। एमडीएम प्रभारी रविरंजन कुमार ने बताया कि राजकीय मध्य विद्यालय सिसई में शुक्रवार के दिन औचक निरीक्षण किया। जहां 23 शिक्षकों में मात्र 8 शिक्षक उपस्थित थे। पन्द्रह शिक्षक अनुपस्थित पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित शिक्षकों की सीएल लिभ रजिस्टर में लगा दिया गया था। जबकि एक भी शिक्षक का सीएल के लिए आवेदन उपलब्ध नही था। वही विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति शून्य थी। मध्याह्न भोजन बन रहा था। जिसमे मीनू के हिसाब से शुक्रवार के दिन बच्चो को अंडा खिलाया जाता है। जिसमे अंडा नदारद था। साथ ही उन्होंने बताया कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिसई नुनिया टोला में भी कार्यरत चार शिक्षक है। जिसमे दो शिक्षक गौरीशंकर कुमार व प्रीति कुमारी उपस्थित थे। बाकी दो शिक्षक जिसमे एक विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी व सहायक शिक्षक समीर राज अनुपस्थित है। जबकि दूसरे सहायक शिक्षक प्रीति कुमारी द्वारा दोनो अनुपस्थित शिक्षकों का अटेंडेंस बना दिया गया था। इधर एमडीएम प्रभारी रविरंजन कुमार ने दूरभाष पर संपर्क किया तो विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रेखा कुमारी ने बताया कि हम विद्यालय आए थे। कुछ आवश्यक कार्य के चलते जल्दी चले गए है। जबकि विद्यालय के शिक्षक व रसोइया बताई की मैडम आज विद्यालय नही आई थी।

इधर कुछ ग्रामीणों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापिका पर गंभीर आरोप लगाया है। ग्रामीण राजू चौधरी, भगनारायण चौधरी, संगीत देवी,रिंकू चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि पहला कक्षा में नामांकन के लिए मैडम ने दो दो सौ रुपया ली है। जबकि पांचवी के टीसी देने में छह सौ रुपया मांग रही है। वही उपस्थित एक ग्रामीण ने बताया कि पहला कक्षा में नामांकन में मैडम ने दो सौ रुपया मांग रही थी। हम एक सौ रुपया दे रहे थे। फिर भी मेरे बच्चे का नामांकन नही की है। वही ग्रामीण राजू चौधरी, सुरेश चौधरी,रिंकू चौधरी, उमेश चौधरी, भगनारायण चौधरी, लक्ष्मीनारायण चौधरी, राजा राम चौधरी, सुनील चौधरी, संगीत देवी, धुरपति देवी ने आरोप लगाया कि शुक्रवार को बच्चो को मिलने वाला एक अंडा में चार बच्चों को दिया जाता है। वही उपस्थित प्रखंड एमडीएम प्रभारी रविरंजन कुमार ने बताया कि विद्यालय में घोर अनियमितता है। इसकी शिकायत हम अपने वरीय पदाधिकारी को मोबाइल व्हाट्सएप व लिखित पत्र के माध्यम से अवगत करा दिए हैं।































स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714